# दक्षिण चीन सागर में निकली चीन की हेकड़ी

डर

## अमेरिका पर नहीं चलाएगा पहले गोली, अमेरिकी युद्धाभ्यास, वार्ता की मेज पर आया ड्रैगन



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पेइचिंग। दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी जंगी जहाजों के चीन पर जोरदार दबाव का असर अब दिखने लगा है। कभी अमेरिका पर मिसाइल हमले की धमकी देने वाला चीन अब सैनिकों को शांति बरतने का निर्देश दे रहा है। चीन ने अपनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को निर्देश दिया है कि तनाव के बीच अमेरिकी सैनिकों पर पहले गोली न चलाए। माना जा रहा है कि चीन ने अपने इस आदेश के जरिए अमेरिका के साथ तनाव करने की कोशिश की है। चीन का यह बदला हुआ रूप ऐसे समय पर आया है जब अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री ताइवान की यात्रा पर हैं।

**चीन को अमेरिका से सता रहा है बड़ा डर:** साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब दोनों ही देशों ने दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में अपनी सैन्य गतिविधियों को तेज कर दिया है। इससे दोनों ही परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्रों के बीच जंग का खतरा मंडराने लगा है। बढ़ते तनाव के बाद अब चीन अपने कदम पीछे खींच रहा है। उसे डर सता रहा है कि अमेरिका के कट्टरवादी धड़ा स्थिति को और ज्यादा बिगाड़ सकता है। इसी वजह से चीन ने अपने फाइटर पायलटों और नौसैनिकों को अमेरिकी युद्धपोतों और फाइटर जेट के साथ गतिरोध के दौरान संयम बरतने का निर्देश दिया है। इस बीच बताया जा रहा है कि चीन और अमेरिका के विदेश मंत्रियों में पिछले सप्ताह वार्ता हुई है। अमेरिका ने इस वार्ता के लिए एक महीने पहले ही प्रस्ताव दिया था लेकिन चीन वार्ता से बच रहा था।

अब दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी दबाव के बाद चीनी नेतृत्व को बातचीत के लिए झुकने को मजबूर होना पड़ा है। पिछले महीने अमेरिका ने अपने दो एयरक्राफ्ट कैरियर बैटल ग्रुप्स यूएसएस निमित्ज और यूएसएस रोनाल्ड रीगन को इस इलाके में तैनात किया था। इन जंगी जहाजों ने न केवल चीन की समुद्री सीमा के पास युद्धाभ्यास किया था बल्कि उनके जासूसी विमानों ने ड्रैगन के गुआंडोंग और फूजियान प्रांतों के पास बेहद करीब से रात में निगरानी उड़ान भरी थी।

**अमेरिकी युद्धपोतों ने बढ़ाई चीनी सेना की चिंताः** अमेरिकी कार्रवाई के बाद चीन ने भी दक्षिण चीन सागर और ताइवान के पास में जंगी जहाजों और फाइटर जेट के साथ युद्धाभ्यास किया था। चीन ने अमेरिका के युद्धपोतों को सार्वजनिक रूप से भले ही कागजी शेर करार दिया हो लेकिन सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी सेना के साथ दुर्घटनावश हो रहे संघर्ष को लेकर चीनी सेना काफी टेंशन में है। एक सूत्र ने कहा कि चीन ने कई माध्यमों से अमेरिका को संदेशा भेजा है कि इलाके में स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए वह पहले गोली नहीं चलाएगा। उन्होंने कहा, गोली चलाने का आदेश देना आसान है लेकिन उसके बाद दोनों ही देश पूरे मामले को नियंत्रित नहीं कर सकते।

## न्यूज डायरी



### पश्चिम देशों को रूस का जवाब– अंगूर खट्टे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रूस। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कोरोना वायरस इन्फेक्शन की महामारी झेल रही दुनिया को राहत देते हुए कोविड–19 से बचाव करने वाली पहली वैक्सीन का ऐलान किया है। इस सफलता को लेकर जहां राहत और खुशी है, वहीं दूसरे देशों ने सवाल भी उठाए हैं और आरोप लगाया है कि रूस ने वैक्सीन की रेस में आगे रहने के लिए जल्दबाजी की है। पश्चिमी देशों के एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह फिलहाल तय नहीं है कि यह वैक्सीन असरदार या सुरक्षित है। हालांकि, पुतिन का कहना है कि उनकी खुद की बेटी पर वैक्सीन टेस्ट की गई है और देश के मेडिकल एक्सपर्ट्स भी दावा कर रहे हैं कि वैक्सीन बनाने वालों ने कोई जल्दबाजी नहीं की है। उन्होंने विस्तार से समझाया है कि वैक्सीन कैसे बनी, इतनी जल्दी कैसे तैयार कर ली गई और पश्चिम के दावों में कितना दम है। उन्होंने कहा है कि डॉक्टर कोविड के मरीजों का इलाज करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन गंभीर मामलों में कुछ हद तक ही ऐसा किया जा सकता है।

### बाइडेन ने कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनी हैं। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती हैं, तो वह इस पद पर काबिज होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय–अमेरिकी और अफ्रीकी उपराष्ट्रपति होंगी।हैरिस (55) के पिता अफ्रीकी और मां भारतीय हैं। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया की सीनेटर हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा हैरिस को अकसर पथप्रदर्शक बताते हैं। बाइडेन (77) ने मंगलवार दोपहर एक लिखित संदेश में इसकी घोषणा कर कई दिनों से जारी अटकलों का समाप्त किया। उन्होंने 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' से पहले यह घोषणा की है, जिसमें तीन नवम्बर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए बाइडेन को औपचारिक तौर पर नामित किया जाएगा।

### कमला हैरिस की उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से भड़के डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन के भारतीय मूल की कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी (रनिंग मेट) बनाए जाने से उनके धुर विरोधी डोनाल्ड ट्रंप भड़क गए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह कमला हैरिस की उम्मीदवारी से थोड़ा साथ आश्चर्य में हैं जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जज के साथ बेहद बुरा बर्ताव किया था। ट्रंप ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कमला हैरिस ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ब्रेट कवानउघ के साथ असाधारण रूप से बुरा बर्ताव किया था। उन्होंने इस हद तक बुरा बर्ताव किया था जो बहुत भयानक था। जिस तरह से कमला हैरिस ने जस्टिस ब्रेट कवानउघ के साथ बर्ताव किया था, मैं उसे जल्द भूल नहीं सकता हूं।

### आज रात आसमान से होगी उल्कापिंड की बारिश, ऐसे देखें नजारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2020 भले ही दुनिया के लिए बहुत अच्छा न हो, स्पेस और ऐस्ट्रॉनमी से जुड़े लोगों के लिए उत्साहित करने वाला साबित हो रहा है। पिछले महीने ब्वउमज छमवूपेम ने दुनियाभर में स्काईवॉचर्स के दिल थाम दिए और अब अगस्त में उल्कापिंडों की वर्षा Perseid हो रही है। 17 जुलाई से शुरू हो चुकी यह बरसात 24 अगस्त तक जारी रहेगी लेकिन 13 अगस्त तक यह अपने चरम पर होगी और भारत में रात के वक्त आसमान साफ होने पर इसे देखा जा सकता है। Perseid को रात 2 बजे के बाद चांद की हल्की रोशनी में बेहतर तरीके से देखा जा सकता है। भारत में इन दिनों आसमान में बादल छाए रह सकते हैं जिसकी वजह से इसे देखना मुश्किल हो सकता है।

## कश्मीरः पाकिस्तानी ने इमरान खान का उड़ाया मजाक, पीटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लाहौर। पाकिस्तान के नए राजनीतिक नक्शे को लेकर इमरान खान अपने घर में ही घिरे हुए हैं। विपक्षी दल इसे उनका राजनीतिक दुष्प्रचार बता रहे हैं। उधर, अब पाकिस्तानी लोगों ने भी इमरान खान नियाजी की आलोचना करना शुरू कर दिया है। ऐसे ही एक पाकिस्तानी ने जब टिकटॉक पर कश्मीर के नए नक्शे की आलोचना की तो उसे पुलिस ने जमकर पीटा और जेल में डाल दिया।
बताया जा रहा है कि यह घटना लाहौर की है। इस वीडियो में टिकटॉक यूजर कह रहा है कि इमरान खान नक्शा बदलने की बजाय अपना नशा बदलकर करके देखो। वीडियो वायरल होने के बाद इस पाकिस्तानी युवक को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। उसे जब ले जाया जा रहा था तब पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों ने जमकर पीटा। कश्मीर में अभिव्यक्ति की आजादी के लिए दुनियाभर में गाने वाले इमरान खान खुद अपने देश में अपनी आलोचना को बर्दाश्त नहीं कर सके।
इस युवक को अवैध रूप से अरेस्ट करने के बाद अब उसे लाहौर में एक अज्ञात जगह पर रखा गया है। बता दें कि पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने मंगलवार को देश का नया नक्शा लाकर भारत के साथ विवादित क्षेत्रों पर दावा ठोक दिया है।



## दुनियाभर में 5 अरब कोविड-19 वैक्सीन का ऑर्डर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस के खात्मे के लिए दुनियाभर में वैक्सीन बनाने का काम जोरशोर से जारी है। रूस ने ऐलान किया है कि उसकी कोरोना वायरस वैक्सीन प्रभावी रही है और एक जनवरी से बाजार में उपलब्ध हो जाएगी। चीन, ब्रिटेन और अमेरिका की कंपनियां भी कोरोना वायरस वैक्सीन के तीसरे और अंतिम चरण का ट्रायल कर रही हैं। इस बीच पूरी दुनिया में वैक्सीन पर कब्जा करने की रेस तेज हो गई है और अब तक 5.7 अरब कोरोना वैक्सीन का ऑर्डर हो चुका है। रूस की कोरोना वायरस वैक्सीन के लिए 20 देशों से एक अरब डोज का ऑर्डर मिला है। पश्चिमी देशों की प्रयोगशाला में बन रही वैक्सीन की पहली खेप के ज्यादातर हिस्से पर अमेरिका कब्जा कर चुका है।

## दुनिया से किसी राज की तरह छिपा रखी हैं व्लादिमीर पुतिन ने अपनी बेटियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुनिया को कोरोना वायरस की पहली वैक्सीन देने का ऐलान किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनकी एक बेटी को वैक्सीन दी भी गई है। उनके इस दावे पर पूरी दुनिया हैरान रह गई। सिर्फ इसलिए नहीं कि उन्होंने अपनी बेटी पर वैक्सीन का टेस्ट कर डाला, बल्कि इसलिए भी क्योंकि पुतिन अपने परिवार को हमेशा स्पॉटलाइट से दूर रखते हैं और उनके बच्चों के बारे में ज्यादा जानकारी दुनिया को नहीं है।

**पत्नी से दो बेटियां- मारिया, कतरीनाः** पुतिन सार्वजनिक तौर

**बच्चों को लाइमलाइट से दूर रखते हैं पुतिन**

पर न अपने परिवार के बारे में चर्चा करते हैं और न बेटियों का जिक्र करते हैं। इसलिए जब उन्होंने वैक्सीन को लेकर ऐलान किया तो सब हैरान रह गए। हालांकि, पुतिन ने यह नहीं बताया है कि उनकी कौन सी बेटी को वैक्सीन दी गई है। पुतिन की शादी ल्यूडमीला पुतिना से 30 साल तक चली और 2013 में दोनों अलग हो गए। उनसे पुतिन की दो बेटियां, मारिया और कतरीना हुईं जो अब 30 के पार हैं।

**बेटियों से बेहद लगाव रखते हैं पुतिनः** रिपोर्ट्स की मानें तो जब परिवार मॉस्को में था तब 1996 में वे जर्मन भाषी स्कूल में जाती थीं। बाद में पुतिन के कार्यकारी राष्ट्रपति बनने के बाद उन्हें स्कूल से निकाल लिया गया और घर पर पढ़ाई जारी रही। मारिया ने कॉलेज में बायॉलजी पढ़ी है और कतरीना ने एशियन स्टडीज। दोनों को यूनिवर्सिटी में दाखिला फर्जी पहचान पर दिया गया था।

**अपने आप में सफल हैं दोनों**
मेडिकल रिसर्चर मारिया मॉस्को में डच पति जॉरिट फासेन के साथ रहती हैं और उनका एक बच्चा भी है। वहीं, कतरीना हाई–हाई लाइफस्टाइल फॉलो करती हैं। वह एक ऐक्रोबैट डांसर हैं और मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी में बड़े पद पर हैं। वह एक 1.7 अरब डॉलर के स्टार्टअप को चला रही हैं।

## तुर्की के ड्रोन हमले में दो वरिष्ठ कमांडरों की मौतः इराकी सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बगदाद। इराक की सेना ने मंगलवार को कहा कि तुर्की के ड्रोन हमले में देश के दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। ऐसा पहली बार हुआ है जब इराक के उत्तरी हिस्से में कुर्द विद्रोहियों को खत्म करनेवाले तुर्की के अभियान में इराक के उच्च सुरक्षा अधिकारी मारे गए हैं। इराक की सेना के बयान के अनुसार इरबिल के उत्तरी हिस्से के ब्राडोस्ट क्षेत्र में ड्रोन ने बॉर्डर गार्ड्स के एक वाहन को निशाना बनाया। इस हमले में दो कमांडर और वाहन के चालक की मौत हो गई। ब्राडोस्ट के मेयर ने बताया कि बॉर्डर गार्ड्स के दूसरे ब्रिगेड के कमांडर जनरल मोहम्मद रूश्दी और तीसरे रेजिमेंट के कमांडर ब्रिगेडियर जुबैर हाली की इहसान चेलेबी में हमले में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ये क्षेत्र में नई चौकियां बना रहे थे। तुर्की की सेना के अधिकारियों से इस संबंध में टिप्पणी लेने के लिए संपर्क नहीं हो सका। इराक के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस हमले की निंदा करते हुए कहा गया कि यह इराक की संप्रभुता का उल्लंघन है और इस तरह के लगातार हमले द्विपक्षीय संबंधों की 'समीक्षा' करने के लिए उकसा रहे हैं।